# संकलित परीक्षा –2 (2016–17)
## विषय– हिंदी
## कक्षा–8

**निर्धारित समयः 2:30 घंटे** **अधिकतम अंकः 60**

**निर्देश– 1. इस प्रश्नपत्र में चार खंड हैं।**
**2. चारों खंडों के उत्तर देने अनिवार्य है।**
**3. प्रश्नों के उत्तर क्रम से दीजिए।**

## खंड– क

1. निम्नलिखित (अपठित) गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के सही विकल्प छाँटकर लिखिए– 5

समय पर किये जाने वाले कार्यों के सुपरिणाम शीघ्र ही सामने आ जाते है। जो व्यक्ति समय को पहचान लेता है वह सबसे समझदार होता है, समय के व्यतीत हो जाने के पश्चात् सुध आने का कोई महत्त्व नहीं होता। किसान ने अथक परिश्रम करके फसल उगाई खेतों में फसल लहलहाने लगी। दूर दूर से चिड़ियाँ आकर उसे खाने लगी किसान ने आलस्यवश उन्हे नहीं उड़ाया। किसान को तब होश आया जब चिड़ियाँ उसकी सारी फसल खा गयीं। अब क्या किया जा सकता था ? हानि हो चुकी थी। किसान पछताने लगा। उसके मित्र ने कहा 'अब पछताये होत क्या जब चिड़िया चुग गई खेत।' मित्र ने सत्य कहा था। हमारे आस पास ऐसे अनेक व्यक्ति हैं जो समय पर कार्य नहीं करते और फिर पछताते है। स्वयं को कोसते हैं। उनके मन में निराशा के भाव जागृत हो जाते है। सबको अपने–अपने कार्य समय पर करने चाहिए। सफलताएँ समय पर कार्य करने वालों के चरण चूमती है और लापरवाह व्यक्ति के हिस्से में केवल पछतावा ही आता है।

प्र.(i) समय पर कार्य करने का परिणाम कब प्राप्त होता है ? 1

(क) शीघ्र (ख) विलम्ब से

(ग) कुछ वर्षो बाद (घ) कार्य पूरा कर लेने के बाद

प्र.(ii) समझदार कौन होता है ? 1

(क) जो निरंतर काम करता रहता है

(ख) जो दूसरों की सलाह मानता ह

(ग) जो समय को पहचान लेता है

(घ) जो मिलकर कार्य करता है

प्र.(iii) किसान ने चिड़ियों को क्यों नहीं उड़ाया ? 1

(क) दयालु स्वभाव के कारण (ख) उनकी चहचहाहट सुनने हेतु

(ग) आलस्य के कारण (घ) चिड़ियों को उड़ाने का लाभ ही न था

प्र.(iv) किसान को पछतावा कब हुआ ? 1

(क) जब उसकी सारी फसल चिड़िया खा गई

(ख) जब उसे फिर से बीज बोने पड़े

(ग) जब जमींदार उससे कर्ज माँगने आया

(घ) इनमें से कोई नहीं

प्र.(v) सफलता कौन प्राप्त करता है ? 1

(क) समयानुसार न चलने वाला (ख) समयानुसार कार्य करने वाला

(ग) नए–नए प्रयोग करने वाला (घ) नवीन पद्धतियाँ अपनाने वाला

प्र.2 निम्नलिखित (अपठित) काव्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के सही विकल्प छाँटकर लिखिए– 5

इतने ऊँचे उठो कि जितना उठा गगन है
देखो इस सारी दुनिया को एक दृष्टि से
सिंचित करो धरा समता की भाव वृष्टि से
जाति भेद की, धर्म द्वेष की
काले गोरे रंग वेश की
ज्वालाओं में जलते जग में
इतने शीतल बहो कि जितना मलय पवन है।
नए हाथ से वर्तमान का रूप संवारो,
नई तूलिका से चित्रों के रंग उभारो,
नए राग को नूतन स्वर दो
भाषा को नूतन अक्षर दो
युग की नई मूर्ति रचना में
इतने मौलिक बनो कि जितना स्वयं सृजन है

(i) धरती पुत्रों के आह्वान का कारण–

(क) नव निर्माण हेतु (ख) सोए हुए को जगाने के हेतु

(ग) गिरे हुए को उठाने के लिए (घ) नया राग अलापने के लिए

(ii) ऊँचे उठो का क्या तात्पर्य है–

(क) गगन ऊपर है अतः वहाँ तक जाओ

(ख) धरती से आसमान अधिक श्रेष्ठ है

(ग) महान बनो (घ) गगन की सीमा परिधि नापो

(iii) धरती को कैसी वर्षा से सींचने को कहा गया है–

(क) जाति भेद की (ख) समता की
(ग) धर्म द्वेष की (घ) काले गोरे रंग वेश की

(iv) मलय पवन के समान बहने से कवि का क्या तात्पर्य है–
(क) संसार को प्रकृति की राह दिखाना
(ख) पीड़ित संसार को शांति प्रदान करना
(ग) संसार में खुशबू भर देना
(घ) जलते संसार की ज्वाला और अधिक बढ़ाना

(v) 'भाषा को नूतन अक्षर दो' –से कवि क्या कहना चाहता है–
(क) नये अक्षरो का अविष्कार (ख) अन्य भाषाओं से नये अक्षरो का
(ग) अक्षरों का नवीन आकार–प्रकार (घ) भाव प्रदान करना

## खण्ड ख

प्र.3(क) प्र तथा वि उपसर्ग से दो शब्द बनाइए। 2

(ख) 'सुलोचना' तथा सामाजिक शब्द में उपसर्ग और प्रत्यय अलग करें। 2

(ग) पृथ्वी, सूर्य का दो–दो पर्यायवाची लिखें। 2

(घ) विलोम शब्द लिखे– दिन, श्वेत, 1

प्र.4(क) निम्नलिखित मुहावरों के अर्थ लिखकर वाक्य प्रयोग कीजिए। 2
(क) आँखों से ओझल होना, (ख) चौकन्ना होना

प्र.5 निम्नलिखित में कौन सा अलंकार होगा लिखिए– 1
''पानी परात को हाथ छुयो नहिं, नैनन के जल सो पग धोए''

## खण्ड–ग

प्र.6 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए 5

सोलहवीं शताब्दी की बात है बादशाह हुमायूँ शेरशाह से हारकर भागा था और सिंध के रेगिस्तान में मारा मारा फिर रहा था। एक अवसर पर प्यास से उसकी जान निकल रही थी। उस समय एक ब्राह्मण ने इसी लोटे से पानी पिलाकर उसकी जान बचाई थी। हुमायूँ के बाद अकबर ने उस ब्राह्मण का पता लगाकर उसे इस लोटे को ले लिया और इसके बदले में उसे इसी प्रकार के दस सोने के लोटे प्रदान किए। यह लोटा सम्राट अकबर को बहुत प्यारा था। इसी से इसका नाम अकबरी लोटा पड़ा। वह बराबर इसी से वज़ू करता था।

(i) पंडितजी ने लोटे की क्या कथा बताई?

(क) बादशाह हुमायूँ को एक ब्राह्मण ने इस लोटे से पानी पिलाया था।

(ख) यह बादशाह हुमायूँ के पिता की निशानी है

(ग) बादशाह हुमायूँ ने सौ सोने के लोटों के बदले एक यह लोटा लिया

(घ) बादशाह हुमायूँ इसी लोटे से पानी पीते थे

(ii) ब्राह्मण को लोटे के बदले क्या मिला?

(क) दस सोने के लोटे (ख) पाँच सोने के लोटे

(ग) सौ सोने के लोटे (घ) पचास सोने के लोटे

(iii) 'वजू' शब्द से आप क्या समझते है?

(क) नमाज़ पढ़ने के पहले पानी पीने की प्रक्रिया

(ख) नमाज़ पढ़ने से पूर्व हाथ पैर धोने की प्रक्रिया

(ग) नमाज़ पढ़ते समय पानी भरकर रखने की क्रिया

(घ) इनमे ंसे कोई नहीं

(iv) 'म्यूजियम' के साथ लोटे को क्यों जोड़ा गया?

(क) उसे अच्छे दामों पर बेचने के लिए

(ख) झाऊलाल की समस्या का निदान करने के लिए

(ग) अंग्रेज को ठगने के लिए

(घ) उपरोक्त सभी

(v) किस सम्राट के नाम से लोटे का नामकरण हुआ?

(क) हुमायूँ (ख) जहाँगीर

(ग) अकबर (घ) शेरशाह

प्र.7 निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–

मैया कबहिं बढैगी चोटी?<br>
किति बार मोहिं दूध पियत भई, यह अजहूँ है छोटी।<br>
तू जो कहति बल की बेनी ज्यौं ह्वव है लाँबी मोटी।<br>
काढ़त गुहत न्हवावात जैहै नागिनी सी भुइँ लोटी<br>
काँचौ दूध पियावत पचि पचि देति न माखन रोटी।<br>
सूर चिर जीवौ दौ भैया, हरि हलधर की जोटी।

(i) कवि और कविता का नाम लिखिए–

(ii) कृष्ण किससे बात कर रहे है?

(iii) वे अपनी चोटी को कैसा बनाना चाहते हैं?

(iv) श्रीकृष्ण को क्या खाना पसंद है?

(v) माँ यशोदा क्या प्रार्थना करती है?

प्र.8 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए– 12

(क) पहला बोलता सिनेमा बनाने के लिए फिल्मकार अर्देशिर एम.ईरानी को कहाँ से प्रेरणा मिली?

(ख) बालक श्रीकृष्ण किस लोभ में दूध पीने के लिए तैयार हुए?

(ग) सुदामा की दीनदशा देखकर श्रीकृष्ण की क्या मनोदशा हुई?

(घ) लेखक को ओस की बूँद कहां मिली?

(ङ) घायल बाज को देखकर साँप खुश क्यों हुआ होगा?

(च) आपके विचार में आपा और आत्मविश्वास में क्या अंतर हो सकता है?

पूरक पुस्तक

प्र.9 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए– 8

(क) स्वामी दयानंद सरस्वती ने लोगों को क्या संदेश दिया ?

(ख) गाँधी जी ने लोगों को क्या संदेश दिया

(ग) अशोक किस धर्म को मानते थे?

(घ) महाभारत ग्रंथ की क्या विशेषता है?

**खण्ड–घ**

प्र.10 निम्नलिखित से किसी एक विषय पर 100–150 शब्दों में निबंध लिखिए– 5

(क) विज्ञानः वरदान या अभिशाप

(ख) प्रदूषण

(ग) दीपावली या ईद का पर्व

(घ) स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत

प्र.11 अपने मित्र को पत्र लिखकर बताइए कि आपके विद्यालय में बालदिवस कैसे मनाया गया। 5

अथवा

अपने मोहल्ले में फैली गंदगी को हटवाने तथा प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी को पत्र लिखिए।